बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे नए साल से: योगी

तैयारी

महोबा | संवाददाता

उज्ज्वला-2.0 की लांचिंग के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोबा में कहा कि बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे का काम दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके पूरा होते ही बुंदेलखण्ड सीधे दिल्ली से जुड़ जाएंगा। डिफेंस कॉरीडोर में निवेश के लिए कई विदेशी कंपनियां आ रही हैं। इससे बुंदेलेखण्ड के हजारों युवाओं को उनके घर पर ही काम मिलेगा। कहीं बाहर जाकर काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही सीएम ने महोबा से ही मुजफ्फरनगर के बायोगैस प्लांट का उद्घाटन किया।

महोबा में मौजूद सीएम योगी ने कहा कि यह योजना नारी सम्मान, उनकी गरिमा और सेहत से जुड़ी है। सीएम ने कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं को अपने हाथों से प्रतीक स्वरूप गैस सिलेंडर देते हुए कहा कि गरीब के घर भी गैस में खाना बनेगा तो उनके घर की महिलाएं और बच्चे भी सेहतमंद रहेंगे। सीएम ने बताया पहले चरण में प्रदेश की एक करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर मिले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उड़ान योजना से चित्रकूट और ललितपुर को जोड़ा गया है। बुंदेलखण्ड के दोनों जिलों में एयरपोर्ट होंगे जिससे बुंदेले हवाई सफर भी कर सकेंगे। बुन्देलखण्ड के हवाई मार्ग से जुड़ने से उद्यमी भी यहां आ-जा सकेंगे जिससे क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में पानी की समस्या के निस्तारण के लिए सरकार ने जल मिशन शक्ति के सहयोग से दर्जनभर योजनाएं संचालित कराई हैं।